भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **1699**
दिनांक 28 नवम्बर , 2019 / 7 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

# ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट

**1699. श्री पी॰ वेलुसामी:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट नीति की अधिसूचना के बाद से निष्पादन हेतु स्वीकृत ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजनाओं संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) पूर्ण की गई ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजनाओं की संख्या क्या है और देश में स्वीकृत ऐसी अन्य परियोजनाओं की क्या प्रगति है; और
(ग) तमिलनाडु में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के विकास की क्या प्रगति है और परियोजना को तेज करने हेतु क्या कार्रवाई की गई है?

## उत्तर

## नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) (श्री हरदीप सिंह पुरी )

(क): देश में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट पालिसी के अधिसूचित होने के बाद से नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार नें 'सैद्धांतिक रूप से' नामतः महाराष्ट्र में सिंधुदुर्ग एवं शिरडी, कर्नाटक में बीजापुर, गुलबर्गा, हसन और शिमोगा, पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, ग्वालियर में दतिया, सिक्किम में पाक्योंग, उत्तर प्रदेश में कुशीनगर व नोएडा, गुजरात में ढोलेरा एवं हिरासर, पुडुडचेरी में कराइकल, आंध्र प्रदेश में दागादर्थी, भोगापुरम एवं ओरावाकल (कुरनूल) तथा अरुणांचल प्रदेश में होलोंगी, ईटानगर में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट स्थापित करने का अनुमोदन प्रदान कर दिया है।
(ख): दुर्गापुर, शिरडी, कन्नूर, पाक्योंग तथा गुलबर्गा हवाई अड्डा परियोजनाएं प्रचालनात्मक हो चुका है तथा सिंधुदुर्ग हवाई अड्डे पर ट्रायल लैंडिग की जा चुकी है। अन्य हवाई अड्डों पर हुई प्रगति का विवरण अनुलग्नक-क के रूप में संलग्न है।
(ग): मैसर्स टेकिंग ऑफ टु द फ्यूचर प्राइवेट लिमिटेड (टीओएफएल) (पूर्व में मैसर्स केजीएस डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड) ने तमिलनाडु में चेन्नई के नजदीक चेंनगेलपेट में हवाई अड्डे के निर्माण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। हालांकि रक्षा मंत्रालय ने यह उल्लेख करते हुए कि नया निर्माण किया जाने वाला हवाई अड्डा, भारतीय वायु सेना (आईएएफ) उड़ान प्रचालनों के संचालन पर अनेक प्रतिबंध लगा देगा, चेंनगेलपेट में नये स्थापित किये जाने वाले ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे की स्थापना के लिए साइट क्लियरेंस देने से मना कर दिया है।

*****

अनुलग्नक

नए ग्रीनफ़ील्ड हवाईअड्डों के लिए लंबित अनुरोधों के संबंध में दिनांक 28.11.2019 को पूछे गए लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1699 के भाग (ख) के संबंध में विवरण

| क्रम सं. | परियोजना का नाम/प्रस्ताव प्राप्त होने की तिथि | प्रमोटर के नाम | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | सिंधुदुर्ग हवाईअड्डा, महाराष्ट्र | महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) (महाराष्ट्र सरकार) | भारत सरकार ने 29 सितम्बर, 2008 को सिंधुदुर्ग में एक ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की स्थापना के लिए महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी), जो महाराष्ट्र सरकार का एक निकाय है, को 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है। इस परियोजना के विकास एवं प्रचालन के लिए एक एसपीवी नामतः आईआरबी सिंधुदुर्ग प्रा.लि. (आईएसएपीएल) की स्थापना की गई है। सितंबर 2018 में ट्रायल लैंडिंग की गई। |
| 2. | बीजापुर हवाई अड्डा, कर्नाटक | कर्नाटक सरकार | भारत सरकार द्वारा 25 जून, 2008 को बीजापुर में अंतर्देशीय ग्रीनफ़ील्ड हवाईअड्डे की स्थापना के लिए कर्नाटक सरकार (जीओके) को 'सैद्धान्तिक तौर पर' अनुमोदन प्रदान किया गया था। कर्नाटक सरकार अपने संसाधनों के ज़रिये ही हवाईअड्डे का विकास कर रही है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने हवाईअड्डा परियोजना के विकास के लिए, बिना किसी प्रभार के कार्यों के निरीक्षण के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने की मंजूरी दी है। |
| 3. | हसन हवाईअड्डा, कर्नाटक | कर्नाटक सरकार | भारत सरकार ने 25 जून, 2008 को हसन में अंतर्देशीय ग्रीनफ़ील्ड हवाईअड्डे की स्थापना के लिए कर्नाटक सरकार (जीओके) को 'सैद्धान्तिक तौर पर' अनुमोदन प्रदान किया गया था। राज्य सरकार ने आरंभ में हसन में दैनिक वीएफ़आर प्रचालनों के लिए "नो फ्रिल" ग्रीनफ़ील्ड अंतर्देशीय यात्री हवाईअड्डा विकसित करना प्रस्तावित किया था और उसके पश्चात माँग और अपेक्षा के आधार पर प्रसारित/अद्यतन किया जा सकता है। निर्माण के दौरान थर्ड पार्टी निगरानी सहित टेक्निकल कंसल्टेंसी सर्विसेस के लिए आरआईटीईएस को अधिकृत किया गया है। |
| 4. | शिमोगा हवाई अड्डा, कर्नाटक | कर्नाटक राज्य सरकार | भारत सरकार द्वारा 25 जून, 2008 को कर्नाटक सरकार (जीओके) को 'सैद्धान्तिक तौर पर' अनुमोदन प्रदान किया गया था। अब चयनित निजी भागीदार के साथ एयरलाइन सेवाओं के प्रावधान के साथ पीपीपी आधार पर "नो फ्रिल" हवाईअड्डा विकसित करना प्रस्तावित किया गया है। |
| 5. | दतिया हवाईअड्डा, ग्वालियर, मध्य प्रदेश | मैसर्स ग्वालियर एग्रीकल्चर कम्पनी लिमिटेड | भारत सरकार ने मैसर्स ग्वालियर एग्रीकल्चर कम्पनी लिमिटेड को 11 दिसंबर, 2008 को डाबरा/दतिया, ग्वालियर में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की स्थापना के लिए 'सिद्धांत रूप में' अनुमोदन प्रदान किया था। 'सिद्धांत रूप में' अनुमोदन के बाद परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण से संबंधित मुकदमेबाजी के मुद्दे निहित थे। मामला |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। संचालन समिति ने, दिनांक 05.05.2015 को आयोजित अपनी बैठक में, भूमि संबंधी मामले का पूरी तरह समाधान हो जाने और परियोजना के कार्यान्वयन के लिए भूमि उपलब्ध हो जाने तक इस 'सिद्धांत रूप में' अनुमोदन को रोक कर रखा है। |
| 6. | उत्तर प्रदेश में कुशीनगर | उत्तर प्रदेश सरकार | उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में एक ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा बनाए जाने के लिए भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार को **21 सितंबर, 2010** में "सैद्धान्तिक तौर पर" अनुमोदन प्रदान किया गया। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने प्रचालनीकरण के लिए 05.03.2019 को हवाईअड्डे का अधिकार संभाल लिया। |
| 7. | पुदुचेरी में कराइकल | कराइकल हवाईअड्डा प्रा. लिमिटेड | भारत सरकार ने पुदुचेरी में कराईकल क्षेत्र में ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की स्थापना के लिए मैसर्स कराईकल हवाईअड्डा प्रा.लि. को 24 फरवरी, 2011 को सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया है। इसमें भूमि संबंधी मुद्दे हैं। |
| 8. | धोलेरा अहमदाबाद, गुजरात, गुजरात अवसंरचना विकास बोर्ड | धोलेरा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा कंपनी लिमिटेड (डीआईएसीएल) | भारत सरकार ने धोलेरा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा कंपनी लिमिटेड (डीआईएसीएल) को दिनांक **27.01.2016** के प्रमाणपत्र द्वारा 'सार्वजनिक उपयोग' के अंतर्गत नवगाम गाँव के समीप स्थल पर एक ग्रीनफ़ील्ड हवाईअड्डा स्थापित करने को 'सैद्धांतिक रूप' में अनुमोदन दे दिया है।<br>• धोलेरा हवाईअड्डे के विकास के लिए भाविप्रा और गुजरात सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। |
| 9. | दगादर्थी मेंडल, नेल्लोर जिला, आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश हवाईअड्डा विकास निगम लिमिटेड (एपीएडीसीएल) जो पहले भोगपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट कॉरपोरेशन लिमिटेट (बीआईएसीएल) के नाम से जाना जाता था। | भारत सरकार ने दिनांक **07.10.2016** के द्वारा नेल्लोर के निकट दगादर्थी में 'सार्वजनिक उपयोग' के अधीन एक ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की स्थापना के लिए भोगपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट कोरपोरशन लिमिटेड (बीआईएसीएल) को 'सिद्धांत रूप में' अनुमोदन प्रदान किया।<br>• आंध्र प्रदेश सरकार ने मैसर्स एससीएल टर्बो कंसोर्टियम लिमिटेड को सरकार के अनुसरण में काम करने के लिए दिनांक 15.09.2017 को आदेश जारी किए। सरकार के आदेश के अनुसरण में बीआईएसीएल ने चयनित डेवलपर को 22 सितंबर, 2017 को लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) जारी किया। सितंबर 2017 के दौरान बोली लगाने वाले को लेटर ऑफ अवार्ड प्रदान किया गया और परियोजना के लिए डेवलपर द्वारा एक एसपीवी का गठन "नेल्लोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड" के रूप में किया गया।<br>• जून 2018 में एनआईएएल के साथ रियायत अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। |
| 10. | आंध्र प्रदेश में विशाखापट्टनम के निकट विजयनगरम जिले में भोगपुरम | आंध्र प्रदेश हवाईअड्डा विकास निगम लिमिटेड (एपीएडीसीएल) जो पहले भोगपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट कॉरपोरेशन लिमिटेट | • भारत सरकार ने दिनांक 07.10.2016 को विशाखापट्टनम के निकट विजयनगरम जिले में 'सार्वजनिक उपयोग' के अधीन एक ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की स्थापना के लिए भोगपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट कोरपोरेशन लिमिटेड (बीआईएसीएल) को जो अब आंध्र |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (बीआईएसीएल) के नाम से जाना जाता था। | प्रदेश हवाईअड्डा विकास निगम लिमिटेड (एपीएडीसीएल) के नाम से जाना जाता है, 'सिद्धांत रूप में' अनुमोदन प्रदान किया।<br>• भोगपुरम में प्रस्तावित ग्रीनफ़ील्ड हवाईअड्डे के लिए तीन बोलीकर्ता नामतः (i) डीओआईटी स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (ii) जीएमआर हवाईअड्डा लिमिटेड (iii) जीवीके एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड ने अपनी बोलियाँ प्रस्तुत की। मैसर्स जीएमआर हवाईअड्डा लिमिटेड ने उच्चतम प्रति यात्री बोली दी और वह सफल-बेलीकर्ता रहा।<br>• आंध्र प्रदेश सरकार, जो इस ग्रीनफ़ील्ड हवाईअड्डा परियोजना के समर्थक थे, सूचित किया है कि उन्होने अब तक परियोजना को अवार्ड नहीं किया है।<br>• भोगपुरम ग्रीनफ़ील्ड हवाईअड्डे के मामले में हवाईअड्डा परियोजना के निर्माण की समयसीमा कार्यान्वयन एजेंसी यथा एपीएडीसीएल द्वारा विभिन्न कारकों यथा भूमि अधिग्रहण, अनिवार्य क्लियरेंस की उपलब्धता, विकासक के चयन, वित्तीय पूर्णता इत्यादि पर निर्भर करती है। |
| 11. | ओरवाकुल्लू, कुरनूल जिला, आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश हवाईअड्डा विकास निगम लिमिटेड (एपीएडीसीएल) जो पहले भोगपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट कॉरपोरेशन लिमिटेट (बीआईएसीएल) के नाम से जाना जाता था। | भारत सरकार ने दिनांक 07.10.2016 को ओरवाकुल्लू, कुरनूल जिला, आंध्र प्रदेश में 'सार्वजनिक उपयोग' के अधीन एक ओरवाकल घरेलु ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की स्थापना के लिए भोगपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट कोरपोरेशन लिमिटेड (बीआईएसीएल) को 'सिद्धांत रूप में' अनुमोदन प्रदान किया। निर्माण कार्य 21.06.2017 को आरंभ हुआ। जनवरी 2019 में हवाईअड्डा टर्मिनल का शुभारंभ हुआ।<br>• 9 अगस्त, 2018 को सीएनएस/एटीएम सेवाओं के प्रावधान के लिए भाविप्रा के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। |
| 12. | हीरासर, राजकोट जिला, गुजरात | गुजरात सरकार | गुजरात में जिला राजकोट, हीरासर में प्रमाणपत्र के माध्यम से 09.10.2017 को ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे की स्थापना के लिए जीओआई ने सैद्धांतिक रूप से गुजरात सरकार को स्वीकृति प्रदान की।<br>• 07.01.2019 को गुजरात सरकार और भाविप्रा के बीच हीरासर में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। भाविप्रा ने 797 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से अर्थवर्क सहित रनवे, टैक्सीवे, एप्रन, पीटीटी के निर्माण के लिए तथा 417 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से पैसेंजर टर्मिनल बिल्डिंग, कंट्रोल टॉवर और अन्य सहायक इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण का काम आरंभ किया है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13. | नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, जेवर, उत्तर प्रदेश | उत्तर प्रदेश सरकार | • नोएडा अंतर्राष्ट्रीय ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को **08.05.2018** के प्रमाणपत्र द्वारा सैद्धांतिक रूप से स्वीकृति दी गई है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एनआईएएल) को नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, जेवर, उत्तर प्रदेश के विकास के लिए अधिकृत किया गया है। 27.3.2018 और 26.10.2018 को नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए वर्तमान राज्य स्तरीय समन्वय समिति के एवज में एक परियोजना निगरानी और कार्यान्वयन समिति (पीएमआईसी) का गठन किया गया है।<br>• रियायती चयन के लिए ग्लोबल ई-टेंडर 30.05.2019 को एनआईएएल द्वारा मंगाई गई है। बोलीदाताओं का प्री-बिड सम्मेलन 15 जुलाई, 2019 को आयोजित किया गया है। 17 बोली खरीदी (अंतर्देशीय और साथ ही अंतरराष्ट्रीय कंपनियां) गई हैं। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर, 2019 थी। 06.11.2019 को जेवर हवाई अड्डे के लिए रियायतग्राही के चयन के लिए चार बोलियां प्राप्त हुईं। |
| 14. | होल्लोंगी, ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश | भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण | 18.01.2019 को होल्लोंगी, ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश में अंतर्देशीय ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे की स्थापना के लिए भारत सरकार ने 'साइट क्लीयरेंस' और 'सैद्धांतिक रूप से' मंजूरी दे दी। |